<u>आकाशवाणी शिमला</u>
26.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

गणतंत्र–शिमला

प्रदेशभर में 77वां गणतंत्र दिवस आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जहां राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया व मार्चपास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद रहे। मार्चपास्ट में भारतीय सेना, आईटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल, हिमाचल पुलिस, पंजाब पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी और एनएसएस सहित 25 टुक्कड़ियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस भारत की एकता व अखंडता की भावना को मजबूत करता है। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सेना के हैलीकॉप्टर द्वारा रिज मैदान पर पुष्प वर्षा भी की गई। राज्यपाल ने समारोह के दौरान शिमला ज़िले की चौपाल तहसील के गगाना निवासी रितिक चौहान को जीवन रक्षा में अदम्य साहस के लिए उत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया।

सीएम–गणतंत्र

बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में देश व प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं की कड़ी मेहनत से ही भारत गणतंत्र राष्ट्र बना और संविधान में सभी को एक समान अधिकार दिए गए।

गणतंत्र–कांगड़ा

कांगड़ा ज़िले का ज़िला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह धर्मशाला के पुलिस मैदान में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल आत्मनिर्भर राज्य बनने की ओर अग्रसर है और पिछले तीन वर्षों में 26 हजार 6 सौ 83 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार ने सरकारी व निजी क्षेत्र में 56 हजार 8 सौ 55 युवाओं को रोजगार प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य पथ परिवहन निगम के बेड़े में जल्द ही 2 सौ 97 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी।

ज़िला समारोह

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नाहन के चौगान मैदान में ज़िला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं के योगदान को देशवासी कभी नहीं भुला पाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने सोलन में गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। चंबा में कृषि मंत्री चंद्रकुमार ने तिरंगा फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने भारतीय संविधान को एकता व अखंडता का प्रतीक बताया। बिलासपुर में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पीएम श्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिकांगपिओ में गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता की। इस मौके पर कलाकारों ने किन्नौर की समृद्ध संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ऊना में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने तिरंगा फहराया और विभिन्न टुकड़ियों से मार्च पास्ट की सलामी ली।